p>

Title: Need to expedite the completion of railway line between Jaipur and Nabrangpur and Jaipur and Malkangiri in Odisha.

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र नबरंगपुर ओडिशा में है । नबरंगपुर और जयपुर के बीच तथा जयपुर और मलकानगिरी के बीच दो रेल लाइनों के लिए वर्ष 2016 में ओडिशा सरकार और रेलवे के बीच एमओयू साइन हुआ था लेकिन आज तक यह प्रोजेक्ट शुरू नहीं हुआ है । जयपुर और नबरंगपुर के लिए ओडिशा सरकार 50 परसेंट दे रही है और फ्री में लैंड दे रही है । जयपुर और मलकानगिरी प्रोजेक्ट में 75 परसेंट भारत सरकार दे रही है और 25 परसेंट राज्य सरकार दे रही है । मेरी मांग है कि इन दोनों प्रोजेक्ट्स को जल्द से जल्द शुरू किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सप्तगिरी उलाका को श्री रमेश चन्द्र माझी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

सभी माननीय सदस्य संक्षिप्त में अपनी बात कहें ।